हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
प्रवेश परीक्षा अनुभाग

समरहिल, शिमला–171005
दिनांक : 11 अगस्त, 2016

प्रेस नोट

एमबीबीएस एवं बीडीएस पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र–2016–17 के लिए प्रवेश हेतु सूचना

निदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान, हिमाचल प्रदेश से प्राप्त निर्देशों के अनुसार सभी सम्बन्धित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि एमबीबीएस एवं बीडीएस पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र–2016–17 के लिए हिमाचल प्रदेश में स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान/ दन्त महाविद्यालयों तथा निजी आयुर्विज्ञान/दन्त महाविद्यालयों में राज्य एवं प्रबन्धकीय कोटे की सीटों के अन्तर्गत प्रवेश हेतु NEET-2016 को उतीर्ण करने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों से विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.hpuniv.in के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन–पत्र आमन्त्रित किए गए हैं, जो प्रौस्पैक्टस में दी गई पात्रता शर्तों को पूर्ण करते हों, जिसके लिए आवेदन करने की प्रकिया दिनांक 10–8–2016 से शुरू हो चुकी है जो दिनांक 20–8–2016 तक जारी रहेगी । इसके लिए आवेदन शुल्क सामान्य एवं अन्य श्रेणियों के अभ्यथियों के लिए 1600/–रूपये तथा अनुसूचित–जाति एवं अनुसचित जन–जाति के अभ्यर्थियों के लिए 800/–रूपये देय होगा । केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा आयोजित की गई NEET-2016 का परीक्षा परिणाम अभी घोषित नहीं हुआ है । इसलिए अभ्यर्थी बिना परिणाम घोषित किए ऑनलाईन आवेदन–पत्र भर सकते हैं । अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय अपने आवेदन–पत्र तथा फीस विवरण में अपना एक ही सही रोल नम्बर भरे जिसके अन्तर्गत उसका परिणाम घोषित होना है । जिन अभ्यर्थियों द्वारा विश्वविद्यालय को निर्धारित शुल्क सहित निर्धारित तिथि के अन्दर ऑनलाईन आवेदन किया जाएगा, उनकी श्रेणीवार मैरिट–सूची कॉऊसलिंग शैड्यूल सहित विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 25–8–2016 को जारी की जायेगी जिसके आधार पर कॉऊसलिंग विश्वविद्यालय के सभागार में होगी । प्रोस्पैक्टस की प्रतिलिपि विश्वविद्यालय की उक्त वेबसाईट में अपलोड की गई है जिसे अभ्यर्थी डाऊनलोड करके पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं । अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन–पत्र की हार्ड कॉपी सभी सम्बन्धित दस्तावेज़ों सहित उप–कुलसचिव (प्रवेश परीक्षा) हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को भेजनी अनिवार्य है जो उनके कार्यालय में दिनांक 23–8–2016 को पहुँच जानी चाहिए । अभ्यर्थी आवेदन करने से पूर्व प्रोस्पैक्टस में दी गई पात्रता शर्तों तथा अन्य दिशा–निर्देशों का भली–भाँति अध्ययन कर ले तत्पश्चात ही आवेदन करें । अभ्यर्थी किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष नम्बर 0177–2830891 तथा 0177–2833588 से भी सम्पर्क कर सकते हैं ।

(डा. जे.एस.नेगी)
परीक्षा नियन्त्रक

Endst.No. HPU(MBBS/BDS)ET/2016 दिनांक : 11.8.2016

प्रतिलिपिः–

1– जन–सम्पर्क अधिकारी, हि. प्र. वि. शिमला–5 को इस अनुरोध के साथ कि वह उक्त प्रैस नोट को सम्बन्धित अभ्यर्थियों के सूचनार्थ विभिन्न समाचार–पत्रों में प्रकाशित करवाने के साथ–2 दूरदर्शन केन्द्र तथा आकाशवाणी शिमला से भी प्रसारित करवाने की कृपा करें ।
2– निदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान, हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009 को सूचनार्थ।
3– सचिव कुलपति, हि. प्र. वि. शिमला–5 ।
4– विशेष निजी सचिव कुलपति, हि. प्र. वि. शिमला–5 ।
5– निजी सचिव, अधिष्ठाता अध्ययन, हि. प्र. वि. शिमला –5 ।
6– विशेष निजी सचिव कुलसचिव/परीक्षा नियन्त्रक/वित अधिकारी हि.प्रं.वि.शिमला–5 ।
7– प्रभारी ईन्टरनेट, परीक्षा भाग, संगणक केन्द्र तथा बी. टैक. संगणक केन्द्र हि.प्र.वि. शिमला–5 को इस अनुरोध के साथ कि वे उक्त प्रैस नोट को उक्त प्रोस्पैक्टस की प्रतिलिपि सहित विश्वविद्यालय की वेबसाईटस www.hpuniv.nic.in & www.hpuniv.in में अपलोड करें ।
8– निर्देशक, पूर्व–परीक्षा अनुशिक्षण केन्द्र, हि.प्र.वि. शिमला–5 ।
9– सूचनापटट, हि. प्र. वि. शिमला–5 ।

परीक्षा नियन्त्रक